CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

प्रेस रिलीज़

कैटलिस्ट कॉलेज में अनूठी तरह से मनाई गई सरस्वती पूजा |

ना हुडदंग - ना हँगामा, पारंपरिक और सात्विक तरीके से छात्रों ने किया आयोजन |

अनिवार्य सोशल प्रोजेक्ट के तहत वंचित वर्ग के छात्रों के बीच किया शैक्षिक सामग्री का वितरण |

विजयम एजुकेशनल ट्रस्ट के सिमेज समूह के अंतर्गत संचालित 'कैटलिस्ट कॉलेज' में सरस्वती पुजा का आयोजन पारंपरिक तरीके से मूर्ति स्थापित कर किया गया, लेकिन यह केवल समान्य तरीके से मनाई जाने वाली सरस्वती पूजा मात्र ही नहीं थी | कैटलिस्ट कॉलेज में सरस्वती पुजा के साथ, छात्रों द्वारा एक सोशल प्रोजेक्ट का जाना अनिवार्य है | पूरे कार्यक्रम का आयोजन छात्रों के द्वारा ही किया गया एवं उन्हे चंदे के द्वारा जमा की गयी कुल राशि का 50% ही सरस्वती पुजा तथा इसके आयोजन पर खर्च करना था | शेष 50% राशि के बराबर राशि, कॉलेज के द्वारा प्रदान की गई तथा इस राशि से छात्रो ने एक सोशल प्रोजेक्ट बनाया एवं उसे व्यावहारिक रूप से सफलतापूर्वक क्रियान्वित भी किया | पूरे कार्यक्रम का लक्ष्य था 'छात्रों को प्रबंधन का व्यावहारिक ज्ञान देना एवं उन्हे उनकी सामाजिक जिम्मेदारियों का एहसास करना | आस-पास के वंचित समाज के बच्चों को शिक्षित करना तथा उन्हें लम्बे समय तक लाभ प्रदान करने वाले किसी योजना को क्रियान्वित करना |'

कैटलिस्ट कॉलेज के विभिन्न कॉलेजों के मध्य इस अवसर पर एक प्रतियोगिता कराई गयी | इस प्रतियोगिता में स्वच्छता, सहभागिता, सामाजिक प्रोजेक्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अनुशाषण के आधार पर प्रतियोगिता का विजेता चुना गया | इस अवसर पर पुरे कॉलेज में जल-जीवन-हरियाली तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई | इस अवसर पर वंचित समाज के छात्रों के मध्य 'सोशल प्रोजेक्ट' के तहत कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों ने स्कुल बैग, कॉपी, किताबें, पेन्सिल, स्टेशनरी तथा खेल-कूद का समान वितरित किया |

वहीं कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुये कैटलिस्ट कॉलेज के निदेशक नीरज अग्रवाल ने कहा कि ' इसके पूर्व के वर्षों में भी कैटलिस्ट कॉलेज द्वारा सरस्वती पूजा का आयोजन इसी प्रकार किया जाता रहा है | 'माँ सरस्वती की वंदना, हमारे द्वारा 'स्वच्छता, कला, चित्रकला, संगीत हुनर और सेवा' के माध्यम से होनी चाहिए | उन्होने छात्रों से आहवान किया कि वे आज के दिन एक किताब ज़रूर पढ़ें | माँ सरस्वती कि यह सच्ची आराधना होगी |

इस कार्यक्रम के अंत में कैटलिस्ट कॉलेज के बोरिंग रोड शाखा को 'सबसे बेहतर स्वच्छता' का पुरस्कार प्रदान किया गया | वहीँ कॉलेज की राजापुरपुल शाखा को 'बेहतरीन सजावट' का तथा बेहतरीन 'सोशल प्रोजेक्ट' का पुरस्कार हासिल हुआ | कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया | गायन श्रेणी में कुणाल एवं प्रतीक नाग को प्रथम पुरस्कार तथा वंदना एवं समूह को द्वितीय पुरस्कार दिया गया जबकि नृत्य प्रतियोगिता में मुस्कान कुमार एवं प्रफुल्ल कुमार को प्रथम पुरस्कार तथा शिखा एवं समूह को द्वितीय जबकि शैल बाला एवं मनीषा कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया | कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन हरी आशीष एवं शिवप्रिया ने किया |

इस अवसर पर बिहार पुलिस (ट्रेनिंग) के डी.जी.पी. श्री आलोक राज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे जिन्होने अपने प्रेरणादायक सम्बोधन से छात्रों मे जोश भर दिया | जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में 'पुतुल फाउंडेशन' के संस्थापक श्री मनीष वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता तथा आध्यात्मिक सत्संग समिति के अध्यक्ष श्री गणेश खेत्रीवाल एवं जानेमाने चित्रकार बीरेन्द्र नाथ बरियार भी मौजूद थे,

जिन्होने छात्रों के इस प्रयास तथा उपलब्धि की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं कॉलेज के इन प्रयासों की सराहना की | इस अवसर पर कैटलिस्ट कॉलेज के चेयरमैन बसंत अग्रवाल, सेंटर हेड मेघा अग्रवाल, डीन नीरज पोद्दार तथा सभी शिक्षक एवं कर्मी भी मौजूद थे |